दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 151
मुरादाबाद
(Monday)
22 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन

GST सुधारों को बचत उत्सव बताकर बोले पीएम मोदी- मेड इन इंडिया पर दें जोर, स्वदेशी पर गर्व

राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं।पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगर हम इनकम टैक्स में छूट और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो एक साल में जो निर्णय हुए हैं, उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। इसलिए यह बचत उत्सव बन रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है. नियो मिडिल क्लास की बारी है। अब इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से देश के नागरिकों के लिए अपने सपने पूरे करना और आसान होगा। घर बनाना, स्कूटर-कार खरीदना हो, इन सब पर अब कम खर्च करना होगा। अब आपका घूमना भी सस्ता होगा, क्योंकि होटल के कमरों पर भी जीएसटी कम कर दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्र से एक दिन पहले देश को संबोधित करते हुए कहा कि 22 सितंबर से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होंगे। उन्होंने इसे जीएसटी बचत उत्सव करार दिया, जिससे गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला, व्यापारी और उद्यमी सभी को फायदा होगा। पीएम ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में यह सुधार सभी के लिए बचत और खुशहाली लाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नवरात्र शुरू होने से एक दिन पहले राष्ट्र के नाम संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने कल से लागू होने वाले वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) सुधार के साथ-साथ कई अन्य मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि कल यानी नवरात्र के पहले दिन 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही नेक्सट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू हो जाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। इस जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गीय लोग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी, सभी को ये बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा। यानी त्योहारों के इस मौसम में सबका मुंह मीठा होगा।पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान आगे कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही पीएम ने देशवासियों को नेक्सट जेनरेशन जीएसटी सुधारों के लागू होने की जानकारी दी। साथ ही कहा कि यह कदम नागरिकों के जीवन में सरलता और बचत लाएगा।

संक्षिप्त समाचार

एसआईआर से जुड़े सभी काम 30 सितंबर तक निपटाएं, चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश

चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। यह प्रक्रिया अक्तूबर-नवंबर से शुरू हो सकती है। आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना और पारदर्शिता बढ़ाना है। चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्तूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरुआत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैंपुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। 2008 की मतदाता सूची मौजूद है,

श्री नारायण गुरु समाधि कार्यक्रम में पहुंचे राहुल-प्रियंका-सोनिया, कहा- इंसानों के प्रति करुणा जरूरी

कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा श्री नारायण गुरु समाधि कार्यक्रम में वायनाड पहुंचे। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि समानता और सभी प्राणियों के प्रति करुणा आज की राजनीति और समाज के लिए बहुत जरूरी हैं। वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने समाधि दिवस पर गुरु को श्रद्धांजलि दी और याद दिलाया कि गुरु ने जातिवाद व अंधविश्वास के दौर में समाज को एक नई दिशा दी थी।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड में एसएनडीपी योगम कलपेट्टा यूनियन हॉल में श्री नारायण गुरु समाधि कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि समानता और सभी प्राणियों के प्रति करुणा जैसे विचार आज समाज में और राजनीति में बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि श्री नारायण गुरु को याद करना और आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है।वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने आज प्रसिद्ध सामाजिक सुधारक श्री नारायण गुरु की समाधि दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें समानता और न्याय के मार्गदर्शक बताया। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि गुरु ने ऐसे समय में समाज का नेतृत्व किया जब जातिवाद और अंधविश्वास बहुत ज्यादा था और उन्होंने आधुनिक केरल की नींव रखी। विजयन ने कहा कि गुरु के संदेश आज भी जातिगत भेदभाव और सांप्रदायिक बंटवारे के खिलाफ लड़ाई को प्रेरित करते हैं। उन्होंने जनता से केरल को एक ऐसा आदर्श समाज बनाने की अपील की, जहां हर कोई भाईचारे में रहे, और जाति या धर्म के आधार पर विवाद न हो। गुरु ने 19वीं और 20वीं सदी में समानता, एकता और मानव गरिमा का परचम बुलंद किया था।

रामदास अठावले बोले- नवरात्रि गरबा पर वीएचपी का फरमान हिंसा का न्योता, सरकार से की अपील

केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने विश्व हिंदू परिषद की तरफ से नवरात्रि पर गरबा को लेकर जारी निर्देश की आलोचना की है। उन्होंने कहा, %वीएचपी कौन होती है यह तय करने वाली कि गरबा में कौन जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने का खुला न्योता है।केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने रविवार को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें गरबा कार्यक्रमों में केवल हिंदुओं को ही प्रवेश देने की बात कही गई थी। रामदास अठावले ने कहा कि यह निर्देश हिंसा को बढ़ावा देने जैसा है। नवरात्रि 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक मनाई जाएगी। वीएचपी ने आयोजकों से कहा है कि गैर-हिंदुओं की एंट्री रोकी जाए और पहचान के लिए आधार कार्ड चेक किया जाए, ताकि लव जिहाद की घटनाओं को रोका जा सकेरामदास अठावले ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वीएचपी कौन होती है यह तय करने वाली कि गरबा में कौन जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने का खुला न्योता है। अगर नवरात्रि के दौरान कहीं भी झगड़े या धार्मिक तनाव होते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वीएचपी और उससे जुड़े संगठनों की होगी।

सीएम योगी बोले- जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का होगा सृजन, ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर नमो मैराथन को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का सृजन होगा और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने में मिलेगी मदद मिलेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देश और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे तक जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन से जुड़ रही- सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत का सम्मान करना होगा, सेना व वर्दीधारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।

यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने %विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश% अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अभियान को प्रदेश में युवाओं, किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों का अपार समर्थन मिल रहा है। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में योगदान देने को तैयार है। आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे %नमो मैराथन% से समाज को नई दिशा मिलती है। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य और युवा कल्याण से जुड़े कई अभियानों को गति दी।

विश्व योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली, 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट', 'सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं' जैसे अभियानों से युवाओं को प्रेरणा मिली। साथ ही 'मिशन रोजगार' के जरिए युवाओं के लिए अवसर सुनिश्चित किए गए। आज वही युवा शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन से जुड़ रही है।

संपादकीय Editorial

Justice for the Jadrangal Campus

The Jadrangal campus of the Central University is now once again facing legal scrutiny, and the Honorable High Court has imposed a cost of 25,000 on the government's indifferent attitude. While this decision may be seen as a testament to justice for an institution, attempts to undermine the existence of the Central University have been ongoing since its inception in the current political landscape. Why did this institution, which was born in Dharamshala, registered, and lit a ray of hope for educational standards, end up being divided or prevented from flourishing in Dharamshala? Surprisingly, all doors to the Central University's identity were opened in Dharamshala, but the framework for management remained in Dehra. Each time, a new obstacle, a new test. The Jadrangal campus in Dharamshala has undergone numerous tests that were not even legitimate. Files were held up in local offices, stuck in Delhi, stalled in Shimla, and even reached Kolkata. The machinations, plans, and public sympathy at the campus site have never been fully understood, to the extent that multiple hands involved in the murder of an institution can go. Several Union Ministers, several state Chief Ministers, MLAs, and MPs are the perpetrators of this project. Perhaps the legal verdict will sadden such figures. When construction of the university campus began in Dehra at a cost of 250 crore rupees, the land in Jadrangal was cleared of no-objection certificates and ready to be garlanded with a budget of 250 crore rupees. But the situation changed. Government orders and file handling changed. However, one reasonable argument was that if compensation had to be paid to the Forest Department for the land for the institution on its own land, what was the point of creating so much forest? In any case, the government was supposed to remove the uncertainty surrounding construction in Jadrangal by providing 30 crore rupees, which remains unresolved even after time has passed. During this period, all the pressure and scrutiny either focused on the Jadrangal campus or carelessly dismissed all possibilities from here. We have said many times before that new politics does not mean tampering with Himachal's potential, goodwill, sense of duty, and historical background. The establishment of a university in the name of Dharamshala has not only national but also international significance, so which political party prioritized this initiative? Recently, the government approved 19 crore rupees for the water supply of the Dehra campus, but Jadrangal's share has been distributed somewhere. This High Court decision, however, sends a strong message to the government. Legally, there are no more complications or loopholes. The civil society represented by the petitioners deserves credit for carrying the neglect of a normal process to the court. In this context, the government must now step forward and speak out. At least now, the debate should focus not on the campus itself, but on the future of students through the excellence of their courses. The Dharamshala campus of the Central University can naturally inherit international standards of higher education. Efforts should be made to establish at least half a dozen IT parks across Himachal

The Smart Cities Campaign Has Gone astray, Focus Needs to Be On Prepared Plans

India's urban development must shift from beautification to new greenfield construction. Just as China transformed Shenzhen from a fishing village into a global hub of technology and finance, India must demonstrate the will to build new urban centers that attract both people and investment. In 2015, the Modi government launched the Smart Cities Campaign (SCA), promising to transform India's urban future. The aim was to create 100 cities that would become models of sustainability and efficiency by harnessing technology, innovation, and better planning. Today, nearly a decade later, despite an investment of ?1.5 lakh crore, Indian cities tell a different story. When heavy rains submerged roads in Gurugram, Bengaluru, and Mumbai, commuters stranded on flooded routes found nothing of the promised "smartness." This campaign, which was supposed to be a blueprint for the future, has become a display of selective beautification and misplaced priorities. According to the World Bank, India's urban population will reach approximately 951 million by 2050. While metropolises like Delhi, Mumbai, and Bengaluru continue to expand, cities like Bhubaneswar, Coimbatore, Indore, and Jaipur are emerging as new centers of growth. This pace of change is placing immense pressure on urban infrastructure. Unplanned construction is disrupting drainage systems, housing shortages are pushing people into informal settlements, and transportation networks are collapsing under the pressure of increasing traffic. The Smart Cities initiative could have focused on building new greenfield suburban cities near these cities. Instead, it focused on beautifying small pockets of existing cities, renovating overbridges, digitizing streetlights, and establishing control centers. Deep-seated problems like drainage and housing remained unaddressed, and the consequences were evident during the monsoon season. The Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) is another ambitious initiative of the Government of India. It aims to develop infrastructure in 500 cities. This campaign promised to improve basic amenities like drinking water, sewerage systems, stormwater drainage, and green spaces. The first phase had a budget of ?50,000 crore over five years, and the second phase had a budget of approximately ?2.9 lakh crore. Its goal was to improve water and sewerage systems in urban India, but this monsoon season, the country witnessed the plight of cities. Our cities, both large and small, turn into islands during every rainy season, disrupting public life. It seems that India's urban development programs are still designed in silos. Plans formulated in New Delhi are perhaps disconnected from the diverse realities of Indian cities. For a better future for cities, these silos must be broken, and long-term planning must be placed at the center of urban policy, empowering local governments. However, the government has pursued some greenfield initiatives, such as Dholera, GIFT City, Aurangabad Industrial City, and Greater Noida in Gujarat. A dozen new industrial hubs were also approved under the National Industrial Corridor Development Programme (NICDP) in 2024. It would be wise to consider the broader challenges of inclusive urban development. India's urban development needs to move beyond beautification and toward new greenfield construction. Just as China transformed Shenzhen from a fishing village into a global hub of technology and finance, India must demonstrate the will to build new urban centers that attract both people and investment. The attractiveness of cities should not be measured solely by tall buildings and highways, but by the availability of infrastructure. Greenfield projects can be brought to fruition through financial incentives. Property tax compliance in India is very low, while stamp duty is among the highest in the world, discouraging formal transactions. Instead of burdening new smart cities with these taxes, the government could offer lower property taxes, lower stamp duty, and streamlined approvals for the first decade. With the right incentives and planning, suburban towns near major cities can develop into new centers of opportunity. The floods that have submerged India's glittering metropolises in recent years should not be seen as mere weather phenomena, but as a result of flawed urban development. India's urbanization is progressing faster than expected. The choice before us is clear: either we operate superficially in stressed metropolises or we boldly build new, well-funded, and truly livable cities.

Technology became the language of governance. Under Prime Minister Modi's leadership, India achieved what seemed impossible.

Prime Minister Modi not only understands technology, but he understands people even better. His vision of Antyodaya (the future of all) drives every digital initiative. Modi has made technology the language of governance. He has proven that when leaders embrace technology with humanity, the entire country takes giant leaps towards the future. Prime Minister Modi has made technology India's greatest equalizer. A street vendor in Mumbai uses the same UPI payment system as an executive at a major company. This change reflects the Prime Minister's core vision of Antyodaya (the future of all), meaning reaching the last person in line. The aim of every digital initiative is to make technology equally accessible to all. These experiments started in Gujarat became the foundation of India's digital revolution. As Chief Minister, Modi transformed Gujarat through technology and innovation. The Jyotigram Yojana, launched in 2003, provided rural industries with uninterrupted power supply through feeder separation technology. This allowed women to study at night and small businesses to flourish, reducing migration from villages to cities. The investment of ?1,115 crore (11.15 billion rupees) for this scheme was recouped in just two and a half years. In 2012, he decided to install solar panels on the Narmada Canal. This project generated 16 million units of electricity annually, enough for approximately 16,000 households. This reduced evaporation of canal water and increased water availability. The adoption of this innovation by the United States and Spain further reinforces its effectiveness. The e-Dhara system digitized land records. The Swagat initiative enabled citizens to connect directly with the Chief Minister through video conferencing. Online tendering curbed corruption. In 2014, Modi brought Gujarat's experience and learnings to Delhi, but the scale was much greater. Under his leadership, India Stack was created, the world's most inclusive digital public infrastructure. Its foundation was laid on the JAM trinity (Jan Dhan, Aadhaar, and mobile). Jan Dhan accounts connected more than 530 million people to the banking system. This allowed them to save safely, receive direct government benefits, and easily access loans. Aadhaar gave citizens a digital identity. More than 1.42 billion registrations have been made so far. This has made access to government services easier. Direct Benefit Transfer has eliminated middlemen and reduced fraud. So far, DBT has saved over ?4.3 lakh crore.

This money is being invested in building schools, hospitals, and other infrastructure. Previously, the Know Your Customer (KYC) process was cumbersome and hectic. Aadhaar-based e-KYC has made even the smallest transactions economically feasible. UPI has transformed the way India makes payments. In August alone, over 20 billion transactions were processed, totaling ?24.85 lakh crore. Many countries, from Singapore to France, are on board with UPI. The G-20 has recognized digital public infrastructure as essential for inclusive development. Japan has even granted a patent for it. What was initially India's solution has now become a model of digital democracy for the world. Today, India alone handles half of the world's real-time digital payments. PM Modi's vision finalized the JAM trinity and the UPI framework. Today, UPI handles more transactions globally than Visa. A simple mobile phone has now become a bank, payment gateway, and service center. 'Pragati' has brought accountability to governance. When officials know that the Prime Minister will monitor their work via live video, accountability automatically increases. Technology has completely transformed agriculture and healthcare. Farmers now have access to weather information and soil health data directly on their mobile phones. DigiLocker digitally stores 967 crore documents for over 57 crore users. Aadhaar authentication has also made filing income tax returns extremely easy. Under Prime Minister Modi's leadership, India has achieved what seemed impossible: reaching Mars on the first attempt, and at a cost that surpasses even a Hollywood film. Chandrayaan-3 made India the fourth country to achieve a soft landing on the Moon. The Gaganyaan mission will make India the fourth country to send humans into space using indigenous technology. When COVID-19 struck, the entire world grappled with the chaos of vaccine distribution. The CoWIN platform was created in record time. It was a complete digital solution for the world's largest vaccination campaign. Under the Prime Minister's vision, today our robust electronics manufacturing capabilities are helping us leapfrog into advanced semiconductor manufacturing. More than 20 percent of the world's chip designers are located here. Chemicals, gases, and specialized materials used in semiconductor production are also being supported. The PM Gati Shakti portal makes extensive use of GIS technology. Under the India AI Mission, more than 38,000 GPUs have been made available, at one-third the global cost. This has provided startups, researchers, and students with Silicon Valley-like access at just ?67 per hour. PM Modi's understanding of technology is also reflected in India's unique AI regulation policy. The 182-meter-high Statue of Unity in Kevadia is the world's tallest statue. The Chenab Bridge is 359 meters high. It connects Kashmir with the rest of India. The Aizawl railway line passes through difficult mountainous terrain, using the Himalayan tunneling method, which includes numerous tunnels and bridges. The new Pamban Bridge, built with modern engineering, replaces a century-old structure. These amazing feats of engineering reflect the Prime Minister's vision of connecting India through technology and determination. Prime Minister Modi understands technology, but he understands humans even better. His vision of Antyodaya drives every digital initiative. Modi has made technology the language of governance. He has proven that when leaders embrace technology with humanity, the entire nation takes a giant leap into the future.

युवती को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग का भी आरोप

मुरादाबाद- पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का कहना है कि उसके गांव का ही रहने वाला सुरेंद्र ने उसे 2 साल से प्रेम जाल में फंसा रहा था। सुरेंद्र ने युवती से शादी करने का वादा किया था। जिसके चलते वह उसके बहकावे में आ गई। सुरेंद्र ने वीडियो कॉल के जरिए युवती की आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बना ली। इस वीडियो का इस्तेमाल कर सुरेंद्र के भाई अमित और भाभी रानी ने युवती को अपने घर बुलाकर सुरेंद्र से कई बार शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अब सुरेंद्र शादी करने से इंकार कर रहा है। जब युवती के माता-पिता ने सुरेंद्र के परिवार से शिकायत की, तो उन्हें गाली देकर घर से भगा दिया गया। अब सुरेंद्र युवती के माता-पिता को ब्लैकमेल कर रहा है, कह रहा है कि 1,00,000 दो, तभी वह वीडियो डिलीट करेगा। शादी नहीं करेगा। युवती ने थाना पटवाई में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने सुरेंद्र, अमित और रानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि मामले की तहरीर आई है मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी

भाईचारे की मिसाल : कौन हिंदू कौन मुसलमान...50 साल से रामलीला की कमान संभालते हैं भाईजान

मुरादाबाद- नौगांवा सादात में रामलीला की कमान पिछले 50 सालों से मुस्लिमों ने संभाल रखी है। यहां रामलीला कमेटी के मुख्य पदों पर हर बार मुस्लिम समाज से हैं। हिन्दू मुस्लिम चन्दा जुटाने से जिम्मेदारी उठाते मे पहली बार अहसान अख्तर शुरू हुआ। 30 अख्तर ने इसके बाद गुलाम समिति के अध्यक्ष शिबाल हैदर अध्यक्ष पद की कर परम्परा को आगे बढा रहे है। शिबाल हैदर के नेतृत्व मे समिति के पदाधिकारी आपसी सौहार्द्र की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में कलाकारों के स्थान पर बड़े स्क्रीन पर रामलीला का मंचन हो रहा है और इस वर्ष भी नवरात्रों में दशहरे के अवसर पर स्क्रीन पर रामलीला का मंचन होगा। समिति के अध्यक्ष शिबाल हैदर बताते है कि समिति की अपनी जगह नहीं है। पिछले कई साल से वजाहत हुसैन के बाग में रामलीला होती है। रावण का दहन भी वे खुद करते हैं। नौगांवा सादात कस्बे की आबादी में 90 प्रतिशत मुस्लिम हैं। मुस्लिमों के सयोजन में होने वाली रासलीला इस सौहार्द्र में चार चांद लगाती है।

सीएम सिटी गोरखपुर और ताज सिटी आगरा में इस बार जिले के रामलीला कलाकारों का दिखेगा जलवा

मुरादाबाद- मुरादाबाद में पौराणिक रामलीला की जड़ें काफी पुरानी और गहरी हैं। यहां की प्रसिद्ध प्ले बैक रामलीला की न सिर्फ प्रदेश बल्कि विदेशों में भी चमक बिखर रही है। रामलीला के लिए समर्पित योद्धा रामलीला निर्देशक पंकज दर्पण अग्रवाल ने इस कला को विदेशों तक जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए वह विभिन्न मंचों पर कई बार सम्मानित हो चुके हैं। इस बार सीएम सिटी गोरखपुर और ताज सिटी आगरा में डॉ. पंकज द्वारा निर्देशित रामलीला में रामायण के विभिन्न पात्रों का जीवंत मंचन दिखेगा। बालपन से ही रामलीला में रुचि लेने वाले डॉ. दर्पण जब बेसिक प्राइमरी स्कूल में तीसरे क्लास में पढ़ते थे तो स्कूल से वापसी में कंपनी बाग में रामलीला की तैयारियां देख एक दिन वहां पहुंचे और रामलीला निर्देशक से उन्हें भी रोल देने की गुजारिश की। लाल नेकर घर से लाने की बात बोलकर हनुमान जी की सेना में वानर बनाने की सहमति रामलीला मंचन करा रहे निर्देशक ने क्या दी फिर तो रामलीला पंकज की जिंदगी बन गई। इस दिशा में प्रेरित करने में इनके पिता स्वर्गीय लाला शिवलाल अग्रवाल का योगदान रहा है।1966 में रामलीला में भर्ती होने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। देश के कोने- कोने में लेकर विदेशों में भी उनके निर्देशित रामलीला की ख्याति है। 6 साल के बालक की रामलीला यात्रा आज 60 की उम्र पार करने के बाद भी जोश, जज़्बे और जुनून से लबरेज है। डॉ. पंकज दर्पण बताते हैं कि बचपन मे उन्होंने रामलीला के कलाकारों को सीता जी, राम जी या नारद जी आदि के रोल करने वाले कलाकारों को पर्दे के पीछे बीड़ी या शराब पीते देखा तो मन बहुत दुखी हुआ। तभी किसी ने गुरु स्वर्गीय बलवीर पाठक से मिलवाया। जिन्होंने रामलीला में अनेक प्रयोग करके सुशिक्षित और संस्कारी बच्चों की एक रामलीला टीम बनाई थी। गुरु का आशीर्वाद और राम जी की कृपा से फिर जिंदगी राम नाम की सेवा में ही लग गया। प्रकाश व ध्वनि के प्रयोग से दी इस विधा को मजबूती- वह मानते हैं कि एक दौर आया जब दूरदर्शन के अनेक चैनल्स आने के बाद रामलीला में अच्छे दर्शकों का आना बहुत कम हो गया। और ये माना जाने लगा कि रामलीला सिर्फ निचले और पिछड़े लोगों के देखने की ही चीज है। लेकिन डॉ. पंकज ने इसे चुनौती के रूप में लेकर पुन: रामलीला को स्वस्थ मनोरंजन और संस्कार देने का माध्यम बनाने के साथ ही तथाकथित अभिजात्य वर्ग को भी आकर्षित करने के लिये मुरादाबाद की रामलीला के पारंपरिक स्वरूप में प्रकाश व ध्वनि के कई प्रयोग कर मजबूती दी। बड़ी स्क्रीन पर विभिन्न दृश्यों के मंचन से आई भव्यता- स्टेज के बैक ग्राउंड में पर्दे या लकड़ी के सेट्स के स्थान पर बड़ी स्क्रीन पर विभिन्न दृश्य- जंगल, महल, कुटिया, नदी, बादल, युद्ध भूमि आदि प्रदर्शित किए गए। राजाओं की एंट्री हो या युद्ध मे शस्त्रों की टंकार- दुख के सीन में शोक का संगीत या खुशियों के समय वैसा ही खुशनुमा संगीत ने रामलीला को भव्यता प्रदान की। वह बताते हैं कि दूरदर्शन धारावाहिकों की भव्यता से मुकाबला करने व दर्शकों को लाने के लिए एक साथ 3 लैपटॉप का प्रयोग करके रामलीला के संवाद, संगीत और दृश्य का प्रदर्शन किया जाता है। इसके अलावा खुला बड़ा मंच, जिस पर कोई पर्दा उठाने या गिराने की जरूरत नहीं, महिला पात्र महिला द्वारा ही निभाना। यह मुरादाबाद की रामलीला की अपनी विशेषता है।स्वयं तैयार करते हैं रामलीला की स्क्रिप्ट डॉ. पंकज के निर्देशन की एक विशेषता यह भी है कि रामलीला की स्क्रिप्ट वह स्वयं तैयार करते हैं। तुलसीदास कृत रामचरित मानस को आधार मानते हुए उन्होंने 16 विभिन्न रामायणों का अध्ययन कर विशिष्ट स्क्रिप्ट बनाई है। इसमें सरल भाषा मे संवाद के साथ ही कर्णप्रिय गीत व संवाद को जोड़ा है। कई मंचों पर हो चुके हैं सम्मानित- देश के 24 प्रदेशों व विश्व के अनेक देशों में मंचन के लिए सम्मानित होने वाले डॉ. पंकज को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा 16 प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से सम्मान मिल चुका है। इसके अलावा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के हाथों भी उन्हें पुरस्कार प्राप्त होने का गौरव हासिल है। 22 सितंबर से गोरखपुर में होगा मंचन, करेंगे निर्देशन- डॉ. पंकज दर्पण के निर्देशन में इस बार सीएम सिटी गोरखपुर में 22 सितंबर से 5 अक्टूबर तक गोरखनाथ मोहल्ले के मानसरोवर के समीप स्थित रामलीला ग्राउंड में मंचन किया जाएगा। यहां पर स्वयं गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रामलीला मंचन के दौरान पहुंचते हैं। रामलीला के कलाकारों व निर्देशक को उनके हाथों सम्मान मिलता है। इसके अलावा आगरा फोर्ट के पास 11 सितंबर से रामलीला के मंचन के लिए पूजन भी हो चुका है। वह बताते हैं आगरा में रामलीला के दौरान निकलने वाली राम बरात काफी विख्यात है।

प्रेमिका को देर रात बुलाया घर, दोनों में हुआ जमकर विवाद, तभी दुपट्टा का फंदा बनाकर लटक गया प्रेमी

मुरादाबाद- मुरादाबाद के नागफनी में युवक ने देर रात मिलने के लिए प्रेमिका को घर बुलाया। आरोप है कि दोनों के बीच जमकर विवाद हो गया। इससे गुस्साया युवक दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।नागफनी क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक युवक फंदे पर लटक गया। प्रेमिका ने उसे फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया जिस पर आस पड़ोस के लोग पहुंच गए। उन्होंने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि नागफनी के बंगला निवासी युवक का मोहल्ले में रहने वाली किशोरी से प्रेम संबंध चल रहा है। उसने शुक्रवार की रात प्रेमिका को अपने घर बुला लिया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद युवक गले में दुपट्टा डालकर फंदे पर लटक गया।किशोरी के शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग आ गए और उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भिजवा दिया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। कचहरी में संविदा कर्मी की मौत- दूसरी घटना में मझोला के थाना क्षेत्र के बसंत विहार खुशहालपुर निवासी विवेक कुमार गौतम (28) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संविदा लिपिक के पद पर कार्यरत था। शनिवार दोपहर विवेक कुमार गौतम का शव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के सामने सीढ़ियों पर मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घर से नकदी और जेवर लेकर युवती गायब - तीसरी घटना में टघर थानाक्षेत्र में रहने वाली घर से नकदी और जेवर लेकर गायब हो गई। युवती की मां का कहना है कि पड़ोसी का रिश्तेदार उसे अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती की मां ने दर्ज कराए केस में बताया कि बेटी 13 सितंबर अजीम नाम के युवक के साथ चली गई थी। वह घर में दो लाख रुपये और करीब बीस 20 सोने के जेवर भी ले गई है। महिला ने अजीम के बहनोई बाबू जान से शिकायत की तो उसने कहा कि लड़की बालिग है। वह जिससे चाहेगी उससे शादी कर सकती है। महिला ने अपने रुपये और जेवर वापस दिलवाने को कहा तो आरोपी बाबू जान ने उसके साथ मारपीट की। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी बाबू जान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पढ़ाने के दौरान शिक्षिका ने छात्रा पर कसा तंज, आहत होकर छत से कूदी, बहन के शोर मचाने पर चला पता

मुरादाबाद- कांठ में कक्षा नौ की छात्रा छत से कूद गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसे शिक्षिका लगातार मानसिक तौर पर परेशान कर रही थी।नाम बिगाड़ कर पुकारने और परेशान करने से क्षुब्ध छात्रा ने छत से कूद कर जान देने की कोशिश का मामला सामने आया है। छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। जनपद बिजनौर के गांव की छात्रा नगर के एक कॉलेज में नौ वीं में पढ़ती है। परिजन के अनुसार शुक्रवार को कॉलेज से वापस आने पर वह घर की छत पर पहुंची और पीछे की ओर कूद गई। तहेरी बहन ने देखा तो शोर मचा दिया। छात्रा के सिर व अन्य चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए स्योहारा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।छात्रा के चाचा ने बताया कि उनकी भतीजी कांठ के कॉलेज में पढ़ती है। कुछ दिन पहले उसने गलत पढ़ाने पर शिक्षिका की शिकायत प्रबंधतंत्र से की थी। आरोप है तभी से वह शिक्षिका भतीजी से द्वेष रखने लगी। वह दूसरे छात्र-छात्रों के सामने उसको नाम बिगाड़ कर संबोधित करते हुए बेइज्जत और बेवजह परेशान करने लगी। हर बार वह उसे ही समझा देते थे। छात्रा के चाचा ने बताया की शुक्रवार को जब भतीजी कॉलेज से वापस आई तो काफी उदास थी। पूछने पर उसने कॉलेज में किए गए दुर्व्यवहार के बारे में बताया था। बतादें कि किसी ने इस पूरे मामले को सोशल मीडिया पर डाल दिया। पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एएसपी कांठ आईपीएस अभिनव द्विवेदी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

फ्लैट दिलाने के पर महिला अधिवक्ता से 13 लाख हड़पे

मुरादाबाद- फ्लैट बेचने के नाम पर एक महिला अधिवक्ता और उसके साझीदार से 13 लाख रुपये की ठगी हो गई। डीआईजी ने संज्ञान लेते हुए सिविल लाइंस थाना को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। थाना कटघर क्षेत्र के उड़पुरा निवासी महिला अधिवक्ता राबिया हारुन ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपने साझीदार नितिन आहूजा के साथ मिलकर मो. फैजान निवासी मौसम पैलेस थाना सिविल लाइंस से फ्लैट का सौदा किया था। 13 लाख रुपये में से 12 लाख 50 हजार रुपये भुगतान भी कर दिए गए थे। फैजान ने उन्हें झांसा देकर पंजीकृत कराया, लेकिन बयाना कराने में लगातार टालमटोल करता रहा। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले से ही लोगों को धोखा देकर रकम ऐंठने और फर्जी कंपनियों का रुतबा दिखाने के मामलों में संलिप्त रहा है। फैजान ने सुनील मदान निवासी सागर सराय और नदीम उर्फ राजा निवासी बारादरी के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया। रुपये मांगने पर आरोपी दबंगई दिखाता और ऊंचे अधिकारियों से संबंध होने की धमकी देता था। दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंची तो आरोपी ने गार्डों से निकलवा दिया और फोन पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत एसएसपी से भी की थी। मामले की सुनवाई साइबर सेल में हुई, लेकिन आरोपी पुलिस के बुलाने पर भी पेश नहीं हुआ। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के बजाय एनआई एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद डीआईजी से शिकायत दी। डीआईजी के आदेश पर थाना सिविल लाइंस में आरोपी फैजान सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि जांच की जा रही है।

दो गुलदार पिंजरे में कैद होने से लोगों ने ली राहत की सांस, पर खतरा अभी टला नहीं

मुरादाबाद- नजीबाबाद क्षेत्र में शनिवार की सुबह दो गुलदार पिंजरे में कैद हो गए हैं। कौड़ियां रेंज के गांव परमा वाला साहनपुर रेंज के गांव प्रेमपुरी में लगाए गए में पिंजरों में गुलदार कैद हो गए। इन गुलदारो के पकड़े जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी खतरा टला नहीं है। सितंबर माह में गुलदारों के हमले से चार मौत के बाद वन विभाग ने ऑपरेशन गुलदार चला रखा है जिसके अंतर्गत ड्रोन कैमरे उड़ाए जा रहे हैं। गुलदार से प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाए गए हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से आए विशेषज्ञ डॉक्टर आदर्श गंगवार एवं कानपुर चिड़ियाघर से आए डॉक्टर नासिर कई दिनों से नजीबाबाद के कौड़ियां वन रेंज के कैंप में कैंप किए हैं।सहानपुर रेंजर राजेश शर्मा की अगुवाई में वन कर्मियों ने चिन्हित गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाए थे जिनमें दो गुलदार फंस गए। गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। वनकर्मी दोनों गुलदारों को सुरक्षित स्थान पर ले गए।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

वनखंडी नाथ मंदिर में 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह 23 सितंबर को कराएगी रामलीला कमेटी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सामाजिक समरसता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री बाबा बनखंडी नाथ मंदिर रामलीला समिति 23 सितंबर को 101 कन्याओं का विवाह कराएगी। यह जानकारी समिति के संयोजक गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू ने मंदिर परिसर में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि समस्त वैवाहिक कार्यक्रमो का शुभारंभ सुबह 8 बजे मंदिर प्रांगण में होगा। जिसमे 101 कन्याओं का विधिवत विवाह कराया जाएगा। विवाह कार्यक्रम पूर्णतः धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न होगा। समिति के अध्यक्ष संजीव दद्दा ने बताया कि राम बरात के साथ ही सभी दूल्हों की बारात घोड़ी पर सवार होकर शोभायात्रा के रूप में मंदिर से पीलीभीत बायपास तक निकाली जाएगी, जो नजदीकी क्षेत्र में घूमकर मंदिर परिसर विवाह स्थल पहुंचेगी। बारात में 101 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, और सैकड़ों बाराती शामिल होंगे। यह जानकारी मेला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया एक से घोड़े के साथ बारात निकाली जाएगीद्य गिरधारी लाल साहू ने बताया कि इस शुभ आयोजन में केवल बरेली ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग विवाह में शामिल होने आएंगे। आयोजन में स्थानीय समाजसेवियों, धार्मिक संगठनों, और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी। विवाह के दौरान सभी वर बधू उपहार स्वरूप सम्मान गृहस्ती का सामान दिया जाएगा। यह सभी सामग्री सम्मानपूर्वक विदाई के समय दी जाएगी। प्रेस वार्ता में उपस्थित महंत केदारनाथ गिरी जी महाराज संयोजक गिरधारी लाल साहू जी अध्यक्ष संजीव शर्मा संरक्षक धर्मेंद्र राठौर, रिंकू, सचिन राठौर, संतोष साहू, श्लक्ष्मी नारायण राठौर, मुन्नालाल राठौर, पंडित सुनील दत्त शर्मा, मनोज राठौर देवेंद्र साहू चंद्रपाल राठौर, पूनम राठौर पार्षद, वैभव भारद्वाज, विशाल श्रीवास्तव, प्रेम शंकर राठौड़, अर्जुन सिंह, सत्येंद्र राठौर, विनोद गिरी आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न संगठनों सहित अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली।अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, राजस्थानी माहेश्वरी सेवा समिति और आदि शक्ति मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा , बरेली द्वारा रविवार को IMA ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन मारवाड़ी गंज में किया गया। जिसमे 103 लोगों ने रक्तदान किया। बताते चले कि वर्ष में दो बार आयोजित किये जाने वाले इस कार्यक्रम में 125 लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमे से 103 लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। IMA ब्लड बैंक से डॉक्टर पारुल अग्रवाल के नेतृत्व में ढ्ढरूकी टीम ने रक्तदान के कार्य को संपन्न करवाया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच नाथ नगरी शाखा और आदि शक्ति महिला शाखा द्वारा आगामी 5 अक्टूबर 2025 को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किये जाने वाले WALKOTHON के बारे में भी सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम में तीनो संस्थाओं की और से अध्यक्ष रामदयाल मोहता, आकाश अग्रवाल, स्वाति जैन का विशेष योगदान रहा। सचिव उत्सव मित्तल, राजकुमार चांडक, अंजू भारद्वाज, कोषाध्यक्ष राहुल जालान, गगन काबरा, प्रियंका टिबरेवाल, रक्तदान कैंप संयोजक नितिन काबरा, प्रांतीय सचिव गौरव जैन, सह सचिव अभिषेक भरद्वाज, मनोज मोदी, कैलाश मित्तल, नीरज खंडेलवाल, हर्षित एरन, आयुष मित्तल, सुमित जालान, , मीनू काबरा, विनीता खंडेलवाल, सारिका अग्रवाल , प्राची अग्रवाल, अनु शर्मा , श्वेता जैन , रेनू मित्तल आदि उपस्थित रहे।

बीडीए की ज्यादती बर्दाश्त नहीं किसान नेता बोले राकेश टिकैत के सामने उठाएंगे मुद्दा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने किसानों की परेशानी देख बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि उनके राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत मंगलवार को बरेली आ रहे हैं। बीडीए से पीड़ित किसानों के बारे में उन्हें बताएंगे। कहा कि बीडीए ने सैकड़ों किसानों से उनकी जमीन बेभाव छीन ली और उचित मुआवजा भी नहीं दिया है। भूमिहीन हुए अधिकांश किसान कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने को विवश हैं। किसान यूनियन के नेता रविवार को पुराने रोडवेज बस अड्डे पास स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंगलवार सुबह 11 बजे नेहरू युवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में आ रहे हैं। इस दौरान कृषि क्षेत्र की 17 बिंदुओं पर चर्चा होगी। जिलाध्यक्ष ने ग्रेटर बरेली का भी मुद्दा उठाया। कहा कि इसमें कॉलोनी बसाने को बीडीए ने नौ गांव के किसानों की बिना सहमति के 267.1925 हेक्टेयर जमीन ले ली है। जमीन देने से मना करने वाले 700 से अधिक किसानों पर जिला प्रशासन दबाव बना रहा है। इन्हें नोटिस जारी कर दिया है। जिला प्रवक्ता हाजी एम. इकबाल ने कहा कि बीडीए टाउनशिप के नाम पर केवल किसानों को प्रताड़ित कर रहा है।

आप सांसद संजय सिंह के बिगड़े बोल, कहा- ट्रम्प से जूते पड़ने पर भाजपाई चिल्ला रहे स्वदेशी-स्वदेशी

आप सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी का का कपड़ा-पेन, मोबाइल और सारा जीवन विदेशी सामानों पर निर्भर है। अब जब रोज ट्रम्प के जूते पड़ रहे हैं तो स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं। आप के राज्यसभा सांसद ने भाजपा के स्वदेशी अपनाओ नारे पर रविवार को जमकर हमला बोला है। सुल्तानपुर में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन की ओर से छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मीडिया से बात की। संजय सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री का रहन-सहन, उनका कपड़ा, पेन, मोबाइल उनका तौर तरीका, उनका जीवन सारा तो विदेशी सामानों पर निर्भर है। आप अमेरिका के ऊपर निर्भर हैं, आप चीन को ऊपर निर्भर हैं, आप जापान के ऊपर निर्भर हैं। चूंकि आपको रोज ट्रम्प से जूते पड़ रहे हैं तो अब स्वदेशी-स्वदेशी चिल्ला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा हम लोगों को बेवकूफ समझते हो आप। क्या है स्वदेशी? स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपने क्या किया है। संजय सिंह ने कहा गलवान घाटी की घटना के बाद जब चीन ने हमारे बीस जवानों को चीन ने शहीद किया

निक्की की मां और विपिन के पिता पर भाभी के मामा ने की अभद्र टिप्पणी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिरसा गांव में दादरी कोतवाली क्षेत्र के रुपवास गांव निवासी निक्की भाटी की जलाकर हत्या कर दी गई थी। निक्की के परिजन ने आरोप लगाए थे कि दहेज की खातिर निक्की की जलाकर हत्या की गई है। ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में विवाहिता की हत्या के ने रविवार को निक्की की भाभी के मामा को गिरफ्तार किया रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांति भंग के क्षेत्र के रुपवास गांव निवासी निक्की भाटी की जलाकर हत्या की खातिर निक्की की जलाकर हत्या की गई है। यह हत्या रोहित के द्वारा की गई है। कासना कोतवाली पुलिस ने करने के बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा पर कई आरोप लगाए थे। इस दौरान दोनों ही परिवारों के हुए थे। कई दिनों तक हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर मीडिया पर आरोप प्रत्यारोप भी चले थे। इसी दौरान पल्ला द्वारा निक्की की मां पर अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर

मामले में निक्की की मां पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में पुलिस है। आरोपी की पहचान दादरी के सैनी गांव निवासी महेश के धाराओं में कार्रवाई की है। सिरसा गांव में दादरी कोतवाली कर दी गई थी। निक्की के परिजन ने आरोप लगाए थे कि दहेज आरोपी पति विपिन, उसकी मां दया, पिता सत्वीर, भाई मामले में निक्की की बहन कंचन की शिकायत पर केस दर्ज था। घटना के बाद से दोनों ही परिवार की ओर से एक दूसरे आरोप प्रत्यारोप के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल चर्चाओं का बाजार गर्म रहा था। इस मामले को लेकर सोशल गांव के रहने वाली नक्की की भाभी मीनाक्षी के मामा महेश की गई थी। सोशल मीडिया पर महेश ने निक्की की मां और विपिन के पिता को लेकर अभद्रता टिप्पणी की थी। वहीं, कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार का कहना है कि उक्त प्रकरण के संबंध में पुलिस ने महेश को सोशल मीडिया पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए गिरफ्तार निरोधात्मक कार्रवाई की है।

ग्राम सभा का प्रस्ताव भी दबा फाइलों में, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

121 बच्चों पर सिर्फ एक शिक्षिका कुबेरपुर प्राथमिक शाला की दुर्दशा जर्जर भवन टूटा पंप, प्रशासन मौन

- 121 बच्चों पर सिर्फ 1 शिक्षिका।
- भवन जर्जर, अंतरित कक्षाओं में पढ़ाई।
- सोलर ड्यूल पंप 2 साल से खराब।
- ग्राम सभा का प्रस्ताव भी बेअसर।
- विभाग की चुप्पी पर ग्रामीणों का आक्रोश।

क्यूँ न लिखूँ सच / पप्पू जायसवाल चांदनी बिहारपुर चांदनी बिहारपुर। जिले की शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का सबसे बड़ा उदाहरण ओडगी विकासखण्ड के चांदनी बिहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुबेरपुर प्राथमिक शाला से सामने आया है। यहाँ 121 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, मगर पूरे विद्यालय को सँभालने के लिए केवल एक शिक्षिका ममता लकड़ा पदस्थ हैं। ग्राम पंचायत की ग्राम सभा ने इस समस्या पर प्रस्ताव पारित कर शिक्षकों की नियुक्ति और भवन सुधार की मांग की थी, मगर विभागीय अफसरों ने अब तक कोई पहल नहीं की। भवन जर्जर, बच्चों की जान खतरे में विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है और दीवारें टूटने की स्थिति में हैं। मजबूरी में बच्चों को अंतरित (अन्य) कक्षाओं में ठूँस-ठूँसकर पढ़ाई कराई जाती है। ग्रामीण कहते हैं - यह स्कूल शिक्षा का मंदिर नहीं बल्कि मौत का कुंआ बन चुका है। टूटा सोलर ड्यूल पंप दो साल से पानी की किल्लत विद्यालय में लगाया गया सोलर ड्यूल पंप पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा है। बच्चे और शिक्षिका लगातार शिकायत कर रहे हैं क्रेडा विभाग, मगर विभाग से कोई जवाब नहीं। पीने के पानी और साफ-सफाई की किल्लत ने बच्चों को और मुश्किलों में डाल दिया है। इसके बारे में जब फोन से जिला प्रभारी क्रेडा विभाग के रंजीत यादव बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर सोलर पंप को ठीक कर दिया जाएगा मैं अकेली हूँ, बच्चों को कैसे सँभालूँ? - शिक्षिका ममता लकड़ा विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका ममता लकड़ा ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा - मैं इकलौती शिक्षिका हूँ। 121 बच्चों को अकेले पढ़ाना और सँभालना बहुत मुश्किल है। कभी मीटिंग या छुट्टी पर जाना पड़ जाए तो स्कूल पूरी तरह बंद हो जाता है। दो और शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, मगर वे यहाँ आए ही नहीं। अभिभावकों और ग्रामीणों का आक्रोश ग्राम पंचायत कुबेरपुर के ग्रामीण और अभिभावक कहते हैं कि शासन-प्रशासन की लापरवाही ने बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया है। ग्रामवासी रामसाय ने कहा - हमने ग्राम सभा में प्रस्ताव बनाकर भेजा, मगर विभाग के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगी। बच्चे बिना पढ़ाई के रह जाएँ तो जिम्मेदार कौन होगा? अभिभावक गीता देवी ने कहा - सरकार बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन हकीकत यही है कि हमारे बच्चों को शिक्षक तक नसीब नहीं हैं। विभाग की खामोशी - सवालों के घेरे में अधिकारी शिक्षा का अधिकार (ऋञ्जश्व) और शासन के नियम साफ कहते हैं कि 120 से अधिक छात्रों पर कम से कम चार से पाँच शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य है। बावजूद इसके कुबेरपुर प्राथमिक शाला की हालत जस की तस है। विभागीय अफसरों की खामोशी ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर जल्द ही अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, भवन की मरम्मत और पानी की सुविधा नहीं दी गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने बरेली सहित, विभिन्न शहरों में स्वच्छता पखवाडे का आयोजन किया

